


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Aligarh News: चार साल में सबसे गर्म रहा अलीगढ़, 44 डिग्री पहुंचा पारा

Aligarh में इस साल अप्रैल की गर्मी ने पिछले चार वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो बीते चार साल में सबसे अधिक है। न्यूनतम तापमान भी 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल सकी। तेज धूप और लू जैसी गर्म हवाओं के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और बाजारों में आम दिनों की तुलना में कम भीड़ देखने को मिली। गर्मी से बचने के लिए बच्चे बंबा और तालाबों में नहाते नजर आए, वहीं लोग ठंडे पेय और पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार और बृहस्पतिवार को भी तापमान में खास गिरावट की संभावना नहीं है। तेज हवाएं चल सकती हैं, लेकिन उनसे राहत मिलने की उम्मीद कम है।



पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2023 में अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस था। वर्ष 2024 में अधिकतम 39 और न्यूनतम 23 डिग्री, जबकि वर्ष 2025 में अधिकतम 39 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार तापमान 44 डिग्री तक पहुंचना चिंताजनक माना जा रहा है। एएमयू के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अहमद मुज्तबा सिद्दीकी का कहना है कि आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ सकती है। इस बीच डीएस कॉलेज के भूगोल विभाग के प्रभारी प्रो. अवनीश सिंह ने इसे जलवायु संकट से जोड़ते हुए कहा कि भारत के 100 सबसे गर्म शहरों में से 98 शहर भारत में हैं। उनका मानना है कि यह केवल मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि बीते दो दशकों की नीतियों और अनियंत्रित शहरीकरण का परिणाम है। हरियाली की जगह कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं, जिससे तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है।

## Aligarh News: 99 रन से जीती एएस क्रिकेट अकादमी



Aligarh के कासिमपुर रोड स्थित एसीएन कॉलेज मैदान पर मंगलवार को जेडएस क्रिकेट टूर्नामेंट का आठवां मुकाबला खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एएस क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीडीए क्रिकेट अकादमी को 99 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एएस क्रिकेट अकादमी ने 30 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 226 रन बनाए। टीम की ओर से वरुण कुमार ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 87 रन ठोके, जबकि देव भारद्वाज ने 47 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। सीडीए अकादमी की तरफ से लकी शर्मा ने तीन और हिमांशु ने दो विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीडीए क्रिकेट अकादमी की टीम 25.3 ओवर में 127 रन पर ऑलआउट हो गई। अब्दुल्ला ने 52 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। एएस अकादमी की ओर से नक्श ने तीन विकेट लिए, जबकि शिव चौधरी और आदित्य ने दो-दो विकेट चटकाए। शानदार प्रदर्शन के लिए वरुण कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच और लकी शर्मा को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबले के दौरान सिकंदर अली सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## Aligarh News

### अलहदादपुर में पानी की कुंडी में मिला 10 वर्षीय बालिका का शव



Aligarh के हरदुआगंज थाना क्षेत्र के अलहदादपुर गांव में मंगलवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। गांव में सुबह करीब 11 बजे एक 10 वर्षीय बालिका का शव पानी की कुंडी में मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही परिजन बच्ची को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ अतरौली राजीव द्विवेदी ने बताया कि सूचना पर थाना पुलिस और हल्का पुलिस के साथ फील्ड यूनिट टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। मामले में सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

## Aligarh News: शादी में गिरा डीजे का लाइट ट्रस, मासूम की मौत, महिला गंभीर

Aligarh के थाना सासनी गेट क्षेत्र में 27 अप्रैल की रात एक शादी समारोह खुशी से मातम में बदल गया। मथुरा रोड स्थित फ्लोरा गार्डन गेस्ट हाउस में आयोजित विवाह समारोह के दौरान तेज हवा के चलते डीजे का भारी-भरकम लाइट ट्रस (लोहे का फ्रेम) गिर गया। हादसे में 4 वर्षीय मासूम देव की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, पला साहिबाबाद पुलिस चौकी के पास रहने वाले मनोज कश्यप अपने परिवार के साथ पड़ोसी प्रवीण वार्ष्णेय के पुत्र दिनेश की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे अचानक तेज हवा चलने लगी। आरोप है कि डीजे संचालक ने लाइट ट्रस को सुरक्षा मानकों के विपरीत केवल दो खंभों पर टिकाया हुआ था। हवा का दबाव बढ़ने पर ट्रस असंतुलित होकर पास खड़े मासूम देव और एक महिला पर गिर पड़ा। हादसे में देव के सिर और कमर पर गंभीर चोटें आईं। अफरा-तफरी के बीच परिजन घायलों को निजी अस्पताल ले गए, जहां से देव को जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। देव अपनी दो बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मां अलका कश्यप की हालत घटना के बाद से बेहद खराब बताई जा रही है। पीड़ित पिता मनोज कश्यप ने सासनी गेट थाने में तहरीर देकर डीजे संचालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।




पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। सीओ प्रथम नरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना का करीब दो मिनट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें डीजे पर नृत्य के दौरान अचानक लाइट फ्रेम गिरते हुए दिखाई दे रहा है। हादसे के बाद समारोह में सन्नाटा छा गया और शेष रस्में शांत माहौल में पूरी की गईं। मासूम की मौत से उसके मोहल्ले में भी शोक की लहर है।

## Research: एएमयू की स्मार्ट तकनीक

### अब एआई देगा जंगल से गांव आने वाले जानवरों का अलर्ट

Aligarh Muslim University के वन्यजीव विभाग ने एआई आधारित "वाइल्डलाइफ सेंटिनल इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम" विकसित किया है, जो जंगल से गांव या खेतों की ओर आने वाले जंगली जानवरों की गतिविधि को पहले ही पहचानकर अलर्ट जारी करेगा। यह सौर ऊर्जा से संचालित सिस्टम मोशन सेंसर, हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरा, इन्फ्रारेड और थर्मल इमेजिंग तकनीक से लैस है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष, जान-माल के नुकसान और फसल क्षति को कम करने में मदद मिलेगी, खासकर उन क्षेत्रों में जहां तेंदुआ, हाथी या नीलगाय अक्सर आबादी के करीब पहुंच जाते हैं।



# Aaj Ka Rashifal 29 April

## इन राशियों के लिए दिन रहेगा शुभ और मिल सकते हैं अच्छे मौके

29 April Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 29 अप्रैल 2026 का राशिफल।29 अप्रैल को वैशाख माह की त्रयोदशी तिथि है। आज के दिन इस तिथि पर सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग और विडाल योग का संयोग बना हुआ है। इस दिन कई ग्रहों और नक्षत्रों का शुभ संयोग बनेगा



### मेष

आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए दरवाजे खोलने वाला साबित होगा। करियर में अचानक उछाल देखने को मिलेगा, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन साथ ही कुछ छुपे हुए विरोधी भी सक्रिय हो सकते हैं, जो आपके काम में बाधा डालने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी समझदारी और संयम से हर परिस्थिति को संभालना होगा। यदि कोई कर्ज लंबे समय से आपके ऊपर बोझ बना हुआ था, तो आज उसे काफी हद तक कम करने का अवसर मिल सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें, क्योंकि छोटी सी समस्या भी खर्च बढ़ा सकती है। संतान की पढ़ाई को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है, इसलिए उनका मार्गदर्शन करें। प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई नई योजना आपके मन में आकार ले सकती है, जो भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगी।

### वृषभ

आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा और आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसमें सफलता के संकेत दिखाई देंगे। कारोबार में नई योजनाओं की शुरुआत आपके लिए फायदेमंद रहेगी और आप पूरे उत्साह के साथ काम में जुटे रहेंगे। जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट आपके रिश्ते में मिठास घोल देगा। हालांकि, काम के दबाव के कारण स्वभाव में थोड़ी चिड़चिड़ाहट आ सकती है, जिससे परिवार के सदस्य नाराज हो सकते हैं। इसलिए अपनी वाणी और व्यवहार में संतुलन बनाए रखें। जल्दबाजी से बचें, क्योंकि आज धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए कुछ खास कर दिखाने का संकेत दे रहा है। आपके अंदर नई ऊर्जा और उत्साह रहेगा, जिससे आप अपने कामों को अलग पहचान देने में सफल होंगे। हालांकि, बिजली से जुड़े उपकरणों का उपयोग करते समय सावधानी बरतना जरूरी है। सांसारिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन काम का दबाव भी आपको थोड़ा परेशान कर सकता है। संतान को नौकरी के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जिससे मन थोड़ा भावुक रहेगा। आज आपको दूसरों के मामलों में बेवजह दखल देने से बचना चाहिए। भाई से किया हुआ कोई वादा पूरा करना आपके लिए जरूरी होगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आएगा। जीवनसाथी का पूरा सहयोग और साथ आपको मानसिक शांति देगा। यदि पारिवारिक व्यवसाय में किसी प्रकार की कड़वाहट चल रही थी, तो आज वह दूर हो सकती है और रिश्तों में फिर से मिठास आएगी। यात्रा के योग बन रहे हैं, लेकिन अपने सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। किसी दूर रह रहे परिजन से खुशखबरी मिलने की संभावना है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप अपने रहन-सहन के स्तर को बेहतर बनाने के लिए खर्च भी करेंगे, जो आपको संतुष्टि देगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन सावधानी से भरा रहेगा। कार्यस्थल पर कुछ लोग आपके खिलाफ साजिश रच सकते हैं, इसलिए आपको सतर्क रहकर अपने काम को ईमानदारी से करना होगा। यदि आप कहीं यात्रा पर जाने की सोच रहे हैं, तो माता-पिता की सलाह अवश्य लें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है, जिससे खर्च भी बढ़ेगा। हालांकि, वैवाहिक जीवन में प्रेम और समझ बनी रहेगी, जो आपको संतुलन बनाए रखने में मदद करेगी।

### कन्या

आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आ सकते हैं, जिन्हें टालना संभव नहीं होगा, लेकिन आपकी समझदारी आपको सही निर्णय लेने में मदद करेगी। निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी और आप अपने भाई-बहनों के साथ मिलकर कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं। यदि पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई विवाद चल रहा था, तो उसके सुलझने के संकेत मिल रहे हैं। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके काम आएगी। अपने वरिष्ठों की बातों को ध्यान से सुनना आपके प्रमोशन का रास्ता खोल सकता है

### तुला

आज आपको अपने कामों में धैर्य और संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। मन में चल रही उलझनें आपको थोड़ा परेशान कर सकती हैं, लेकिन यदि आप शांत रहकर निर्णय लेंगे, तो स्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। कोई नई जिम्मेदारी मिलने पर उसे पूरी ईमानदारी से निभाएं और किसी से वादा सोच-समझकर ही करें। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और आप पूजा-पाठ या किसी आध्यात्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना आपके लिए बेहतर रहेगा।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए खुशियों और संतोष से भरा रहेगा। आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती नजर आएगी। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतना जरूरी होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छा अवसर मिल सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से आपकी पहचान बढ़ेगी और आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाना आज आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक और अनुकूल रहेगा। नौकरी बदलने के प्रयास सफल हो सकते हैं और रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। आपकी आय के नए स्रोत खुलेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपको अपनी आय और खर्च में संतुलन बनाए रखना होगा। परिवार में बड़ों का मार्गदर्शन आपको सही दिशा देगा और रिश्तों में एकता बनी रहेगी। आंखों की सेहत का विशेष ध्यान रखें।

### मकर

आज का दिन आपके प्रभाव और सम्मान में वृद्धि लेकर आएगा। आपके नए प्रयास सफल होंगे और मेहनत का पूरा फल मिलेगा। लंबे समय से आ रही बाधाएं दूर होंगी, जिससे आप राहत महसूस करेंगे। माता जी की सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी के बहकावे में आकर कोई बड़ा जोखिम न लें, क्योंकि इससे बाद में परेशानी बढ़ सकती है। सरकारी कामों के लिए थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदों और सकारात्मक परिणामों से भरा रहेगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जो शुरुआत में आपको भारी लगेगी, लेकिन धीरे-धीरे आप उसे अच्छे से संभाल लेंगे। संतान के साथ समय बिताने और कहीं घूमने का मौका मिलेगा। किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। यदि कोई डील लंबे समय से अटकी थी, तो उसके फाइनल होने से खुशी मिलेगी। भाई-बहनों का सहयोग आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए आध्यात्म और अच्छे कर्मों से जुड़कर नाम कमाने का रहेगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह लेंगे, जिससे आपके निर्णय बेहतर होंगे। मन में कुछ उलझनें रह सकती हैं, लेकिन जीवनसाथी के साथ बैठकर आप पारिवारिक समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे। आज आप अपने लिए कुछ नई चीजों की खरीदारी कर सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी और लंबे समय से रुका हुआ कोई काम पूरा होने की संभावना है।

## Ghaziabad: गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी के फ्लैट में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप; दमकल विभाग की टीम मौके पर



इंदिरापुरम के गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी के फ्लैट में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने पर आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पाने का प्रयास लगातार जारी है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में बुधवार सुबह एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते पूरी सोसाइटी में हड़कंप मचा दिया। आग की लपटें इतनी ऊंची है कि आसमान में काले धुएं का गहरा गुबार छा गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए बचाव कार्य शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सुबह के समय जब लोग अपने रोज के कार्यों में व्यस्त थे, तभी सोसाइटी के एक फ्लैट से धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग 9वीं से 13वीं मंजिल तक फैली है। तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग की भयावहता को देखते हुए तुरंत मोर्चा संभाला। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग को फैलने से रोकने और उसे बुझाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। आग को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से देखा जा सकता है।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। राहत की बात ये है कि अभी तक इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस और फायर विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दिल्ली के कुछ हिस्सों में जोरदार बारिश

### नोएडा में भी बरसे बादल; हल्की हवाओं से बदला मौसम



दिल्ली एनसीआर में बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज बारिश का अलर्ट जारी किया है। कुछ इलाकों में तेज हवाएं चल रही हैं।दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में जोरदार बारिश की खबर है। तेज हवाओं और बारिश की बौछारों ने दिल्ली के मौसम में गर्मी पर ब्रेक लगा दिया है। लोग पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी की से जूझ रहे थे। नोएडा में भी हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया था कि 29 और 30 अप्रैल को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश के साथ गरज-चमक हो सकती है। आज के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। एक और दो मई को मौसम साफ रहेगा और तापमान बढ़कर 40 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। वहीं तीन और चार मई को फिर से बादल छाने और हल्की बारिश के आसार हैं। इसके अलावा, एक नया पश्चिमी विक्षोभ 2 मई से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसका असर मैदानी इलाकों में शाम तक या फिर अगले दिन दिख सकता है।राजधानी में आज से पहले सोमवार रात चली धूल भरी आंधी ने बढ़ते तापमान पर ब्रेक लगा दिया। तकरीबन छह दिन बाद पारा 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया। इस दौरान अधिकतम तापमान 39.2 और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 52 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 33 प्रतिशत रही। अगले कुछ दिनों तक मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिलेगा। अगर दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में आज बारिश हो जाती है और दिन में बादल छाए रहने के साथ ही हवाएं भी चलती हैं तो इससे भीषण गर्मी पर तो ब्रेक लगेगा ही तापमान में भी कमी आएगी और लोग कुछ गिन लूप-लपट और जोरदार गर्मी से राहत पा सकेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिन मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा।

## विक्की कौशल 'राजा शिवाजी' से हुए प्रभावित




रितेश देशमुख अपनी अपकमिंग फिल्म 'राजा शिवाजी' को लेकर चर्चा में हैं। वह इसके प्रमोशन में बिजी हैं। यह फिल्म एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले अभिनेता विक्की कौशल ने इस फिल्म को लेकर खास बात कही है। 2025 में उन्होंने 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया था। आपको बता दें कि रितेश देशमुख ने हाल ही में विक्की कौशल को फिल्म 'राजा शिवाजी' की एक झलक देखने के लिए बुलाया था। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस देखकर विक्की कौशल पूरी तरह से मंत्रमुग्ध हो गए। हाल ही में 'राजा शिवाजी' के मेकर्स ने विक्की और रितेश की मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस क्लिप में दोनों एक्टर फिल्म के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। रितेश ने सेट पर हुई एक घटना के बारे में ब ताया। उन्होंने बताया कि कैसे क्रू के लोग जब छत्रपति शिवाजी महाराज की जय के नारे लगा रहे थे, तो उनके रोंगटे खड़े हो गए थे।इसके बाद वीडियो में विक्की को फिल्म की एक झलक देखते हुए दिखाया गया। साफ तौर पर प्रभावित होकर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मराठी सिनेमा में पहले कभी ऐसा एक्शन सीक्वेंस देखने को मिला है।' विक्की ने फिल्म की रिलीज के लिए रितेश को शुभकामनाएं भी दीं।

## कॉमेडी एक्टर्स को मिलना चाहिए सम्मान



अरशद वारसी ने अपने तीन दशक लंबे करियर में हर तरह के किरदार निभाए हैं। कॉमेडी रोल से अपनी पहचान बनाने वाले अरशद ने ग्रे शेड कैरेक्टर, सीरियस कैरेक्टर और निगेटिव रोल भी अदा किए हैं। यही कारण है कि अरशद वारसी का ऐसा मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में उनके लिए हमेशा एक जगह रहेगी। अरशद वारसी ने कॉमेडियंस या कॉमेडी करने वाले अभिनेताओं को कमतर आंके जाने पर निराशा जताते हुए ये उम्मीद जताई कि ऐसे कलाकारों को वो सम्मान मिले, जिसके वे हकदार हैं।टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में अरशद वारसी ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में 30 साल सिर्फ एक संख्या नहीं है। यह एक उपलब्धि है। यह महत्वाकांक्षा से कहीं अधिक धैर्य का प्रमाण। बेशक इंडस्ट्री आपकी परीक्षा लेगा। कड़ी मेहनत तो हर कोई करता है, लेकिन अगर आप खुद पर और अपनी क्षमता पर दृढ़ विश्वास रखते हैं और धैर्य बनाए रखते हैं, तो निश्चिंत रहें कि एक दिन दूसरे भी आप पर विश्वास करेंगे। यही चीज मुझे आगे बढ़ाती रही। मैंने कभी हार नहीं मानी, न तब जब काम धीमा हो गया, न तब जब पहचान एक समान नहीं थी और न तब जब सिस्टम मेरे खिलाफ झुका मालूम हुआ। मुझे पूरा विश्वास है कि मैं एक अच्छा अभिनेता हूं और इस इंडस्ट्री में मेरे लिए जगह है। वास्तव में इस इंडस्ट्री में मेरे लिए हमेशा जगह रहेगी।अपनी बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर अरशद ने इस बात पर चिंता जताई कि कॉमेडी को अक्सर मुख्य भूमिकाओं से कैसे जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर कॉमेडियन, अभिनेता या उभरते हुए कलाकार जो कॉमेडी में माहिर हैं, उनके लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम इसे कमतर आंकते हैं।यह वाकई दुखद है। मुझे नहीं लगता कि कोई कभी किसी अभिनेता से पूछेगा कि क्या अभिनय में माहिर होना मुख्य भूमिका निभाने में बाधा बनता है। या क्या रोमांस और ड्रामा में माहिर होना एक सीमा बन जाता है। तो फिर कॉमेडी में माहिर होना मुख्य भूमिका निभाने में बाधा क्यों माना जाता है? कॉमेडी करने वाले लोगों को अक्सर सतही, गैर-गंभीर और कम बुद्धिमान समझा जाता है। जबकि असल में मजेदार होने के लिए आपको बेहद बुद्धिमान, जानकार, तेज और गंभीर होना पड़ता है। हर कोई जानता है

## मंगलवार को बढ़ी 'भूत बंगला' की कमाई, 'माइकल' क्या बॉक्स ऑफिस पर टिक सकी

फिल्म 'भूत बंगला' की कमाई में उतार-चढ़ाव दिख रहा है। इस फिल्म ने मंगलवार को अपनी कमाई में इजाफा किया है। मंगलवार को इन फिल्मों का कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर कितना रहा है।'भूत बंगला' ने रिलीज के 12वें दिन यानी मंगलवार को 4.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं फिल्म ने 11वें दिन 3.65 रुपये की कमाई की थी। कुल कमाई भी अब तक 121.40 करोड़ रुपये हो चुकी है।फिल्म जल्द ही 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकती है, वीकएंड तक इस आंकड़े को शायद यह फिल्म छू ले।




शुक्रवार को एक हॉलीवुड फिल्म 'माइकल' रिलीज हुई। यह मशहूर डांसर, सिंगर माइकल जैक्सन की बायोपिक है फिल्म ने पांचवें दिन 2.40 करोड़ रुपये भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाए हैं। फिल्म की कुल कमाई भी 21.15 करोड़ रुपये हो चुकी है। भारतीय फिल्मों के बीच भी यह हॉलीवुड फिल्म अपने लिए जगह बनाने में कामयाब रही है। फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' ने भी पांचवें दिन 10 लाख रुपये कमाए, वहीं चौथे दिन 13 लाख रुपये की कमाई की थी। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1.43 करोड़ रुपये है।

## करिश्मा कपूर ने पैपराजी से की गुजारिश वीडियो वायरल




करिश्मा कपूर अपने एक वायरल वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के सेट पर पहुंचीं। यहां उन्होंने पैपराजी से ऐसी बात कही कि उनका वीडियो वायरल हो गया। 90 के दशक की यह मशहूर अदाकारा 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' के अगले सीजन में जज की भूमिका में नजर आएंगी। एक और यूजर ने टिप्पणी की, 'ब्रेकिंग न्यूज- दो बच्चों की मां, एक जानी-मानी अभिनेत्री और सबसे अहम बात- एक महिला, कुछ बड़े हो चुके पुरुषों से यह गुजारिश कर रही है कि वे थोड़ा ढंग से पेश आएं और तमीज में रहें।'इस घटना ने एक बार फिर से मशहूर हस्तियों और पैपराजी के बीच के रिश्तों पर बहस छेड़ दी है। वीडियो ने यह सवाल भी उठाया है कि सार्वजनिक जगहों पर सीमाओं का ध्यान रखना और एक-दूसरे से तमीज से पेश आना कितना जरूरी है।करिश्मा कपूर 1990 के दशक में सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं।

## गौरी स्प्रैट को लेकर आमिर खान का इमोशनल खुलासा



आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के बीच काफी अंडरस्टेंडिंग देखने को मिलती है। हाल ही में आमिर खान अपने रिलेशनशिप को लेकर खुलकर चर्चा की थी, जहां उन्होंने गौरी की जमकर तारीफ की। उन्होंने गौरी के साथ रहने पर खुदको 'बहुत लकी' बताया। हाल ही में नवभारत टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में आमिर खान ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि गौरी के साथ उनका रिश्ता उन्हें भावनात्मक रूप से कैसे बदल रहा है।आमिर ने कहा, 'मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानता हूं कि मेरी मुलाकात गौरी से हुई और हमारा रिश्ता शुरू हुआ। वो बहुत अच्छी हैं। उनके साथ मुझे सुकून मिलता है। हालांकि मेरा (एक्स वाइफ) किरण राव और रीना दत्ता के साथ भी बहुत गहरा रिश्ता था, लेकिन चीजें चल नहीं पाईं। जब आपने यह सवाल पूछा, तो मुझे लगा कि मैं बहुत लकी हूं कि गौरी मेरी जिंदगी में आईं। हम दोनों साथ में बहुत खुश हैं। मुझे लगता है कि अब जाकर मैं मुकम्मल हुआ हूं।'

# पीएफआरडीए व एनपीसीआई में करार

## यूपीआई से अब एक क्लिक में खुलेगा एनपीएस खाता, पेंशन की राह आसान




### वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाई

सुविधा अगले महीने से...पीएफआरडीए के चेयरमैन एस रमन ने अमर उजाला बोनस से विशेष बातचीत में बताया, जिस तरह फिनटेक एप्स ने म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार में निवेश को सरल बनाया है, उसी तरह अब एनपीएस को भी आम आदमी तक पहुंचाना लक्ष्य है। अगले एक महीने में यह सुविधा शुरू हो जाएगी, जिससे देश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी बिना किसी झंझट के रिटायरमेंट प्लानिंग की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे। पीएफआरडीए प्रमुख ने बताया, भीम एप के जरिये एनपीएस खाता खोलने की प्रक्रिया बेहद सहज है। जैसे ही आप एनपीएस भीम पर लॉग इन करेंगे, आपको एनपीएस खाता खोलने का विकल्प मिलेगा। पीएफआरडीए ने एनपीएस के वितरण के लिए बीएसई स्टार से भी हाथ मिलाया है। बीएसई स्टार एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जहां वितरक और निवेशक म्यूचुअल फंड की खरीद, बिक्री और ट्रांजेक्शन आसानी से कर सकते हैं।

भारत में डिजिटल फाइनेंस को बढ़ावा देते हुए जल्द ही UPI के जरिए NPS खाता खोलने की सुविधा शुरू होगी। PFRDA और NPCI की इस पहल से खाता खोलने की प्रक्रिया आसान, तेज और पूरी तरह डिजिटल हो जाएगी, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पेंशन निवेश को बढ़ावा मिलेगा। भारत में डिजिटल क्रांति अब सिर्फ भुगतान तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह लोगों के भविष्य को सुरक्षित करने के रास्ते भी आसान बना रही है। आने वाले समय में आपको यूपीआई के जरिये बस एक क्लिक में एनपीएस खाता भी खोलने की सुविधा मिलेगी।पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ मिलकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक सुलभ बनाने की पहल की है। इसके तहत एनपीएस भीम इंटरफेस के जरिये एनपीएस खाता खोल सकेंगे। यह प्रक्रिया उतनी ही आसान होगी, जितना मोबाइल फोन से भुगतान। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल, तेज और सुरक्षित होगी।

# ऑस्ट्रेलिया का बड़ा कदम:

## मेटा-गूगल और टिकटॉक पर टैक्स का लगाने का प्रस्ताव, पत्रकारों को मिलेगा भुगता



सरकार का अनुमान है कि इस योजना के जरिए हर साल 200 से 250 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 144 से 179 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की राशि जुटाई जा सकती है। यह वही स्तर है, जितना भुगतान प्लेटफॉर्म्स ने उस समय किया था जब समाचार मीडिया सौदेबाजी संहिता अपने चरम पर था। संचार मंत्री अनिका वेल्स ने बताया कि इस राशि को समाचार संगठनों के बीच उनके यहां काम करने वाले पत्रकारों की संख्या के आधार पर वितरित किया जाएगा।कंपनी ने बयान में कहा कि यह कहना गलत है कि हम उनकी खबरें ले लेते हैं। यह प्रस्ताव वास्तव में एक डिजिटल सर्विस टैक्स है, जो बदलते विज्ञापन उद्योग को सही तरह नहीं समझता और टिकाऊ समाचार क्षेत्र बनाने में विफल रहेगा। मेटा ने आगे कहा कि यह एक उद्योग से दूसरे उद्योग में जबरन संपत्ति हस्तांतरण जैसा है, जिसका मूल्य विनिमय से कोई सीधा संबंध नहीं है। इससे एक ऐसा समाचार उद्योग बनेगा जो सरकारी सब्सिडी पर निर्भर होगा।वहीं गूगल ने भी इस टैक्स की आवश्यकता को खारिज किया। कंपनी ने कहा कि वह पहले से ही समाचार उद्योग के साथ व्यावसायिक समझौते कर चुकी है और यह प्रस्ताव विज्ञापन बाजार में हुए बदलावों को नजरअंदाज करता है। गूगल ने यह भी कहा कि यह नीति कुछ कंपनियों पर ही भुगतान का बोझ डालती है, जबकि माइक्रोसॉफ्ट, स्नैपचैट और ओपनएआई जैसे गया है, जबकि लोगों के समाचार देखने के तरीके में बड़ा बदलाव आ चुका है।टिकटॉक की ओर से इस प्रस्ताव पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। ध्यान देने वाली बात यह है कि इस प्रस्ताव के दायरे में आने वाली सभी कंपनियां अमेरिकी हैं। अमेरिका में कुछ आलोचकों का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया का 2021 का कानून भी अमेरिकी कंपनियों पर असमान रूप से असर डालता था।

ऑस्ट्रेलिया ने मेटा प्लेटफॉर्म, गूगल और टिकटॉक जैसी डिजिटल कंपनियों पर 2.25% टैक्स लगाने का प्रस्ताव दिया है, ताकि वे समाचार संस्थानों को भुगतान करें। सरकार का उद्देश्य कंपनियों को मीडिया संगठनों के साथ समझौता करने के लिए मजबूर करना है। आइए विस्तार से जानते हैं।सरकार ने मंगलवार को इस संबंध में ड्राफ्ट कानून जारी किया, जिसे 2 जुलाई तक संसद में पेश करने की योजना है। इस कानून का उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को समाचार संगठनों के साथ व्यावसायिक समझौते करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि पत्रकारिता के लिए भुगतान सुनिश्चित हो सके।ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि पत्रकारों के काम की एक आर्थिक कीमत तय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां पत्रकारों की बनाई सामग्री का इस्तेमाल कर मुनाफा कमाएं और उन्हें उचित भुगतान न मिले। हम मानते हैं कि पत्रकारिता में निवेश एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है। यह ऑस्ट्रेलिया का दूसरा प्रयास है, जिसके तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को समाचार सामग्री टेक्स्ट और इमेज के लिए भुगतान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे पहले 2021 में लागू किए गए समाचार मीडिया सौदेबाजी संहिता के जरिए भी कंपनियों पर दबाव बनाया गया था।अब सरकार 'समाचार सौदेबाजी प्रोत्साहन' नाम से नया प्रावधान ला रही है। इसके तहत जो बड़ी डिजिटल कंपनियां समाचार संस्थानों के साथ समझौता नहीं करेंगी, उन पर ऑस्ट्रेलिया में होने वाली उनकी कुल कमाई का 2.25% टैक्स लगाया जाएगा।

# Gold-Silver Price

## सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

## सोना 1800 रुपये और चांदी 6500 रुपये टूटी



सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।निवेशक अब प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे,जिसमें एडीपी साप्ताहिक रोजगार के आंकड़े और कॉन्फ्रेंस बोर्ड विश्वास के आंकड़े शामिल हैं।

# The Bonus Market Updates:

## सेंसेक्स 358 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी तेजी

## US डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे कमजोर




भू-राजनीतिक मोर्चे से आ रही सकारात्मक खबरों के बीच भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को जोरदार तेजी दर्ज की गई। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में सैन्य अभियान रोकने के नए प्रस्ताव की खबर से पश्चिम एशिया में युद्ध थमने की उम्मीद जगी है, जिससे निवेशकों की धारणा मजबूत हुई और घरेलू शेयर बाजारों में भारी उछाल आया है। मजबूत तिमाही नतीजों के कारण जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटरनल' के शेयर 4 प्रतिशत से अधिक उछलकर सेंसेक्स में टॉप गेनर रहे। इसके अलावा मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी 3 प्रतिशत तक की तेजी रही। दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक के शेयरों में मामूली गिरावट दर्ज की गई।बाजार की इस तेजी के बावजूद विश्लेषक सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। भू-राजनीतिक तनावों के कारण ब्रेंट क्रूड ऑयल अभी भी 111 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 99 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार के अनुसार, कच्चे तेल का 110 डॉलर पर रहना भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक नकारात्मक संकेत है, क्योंकि इससे मुद्रास्फीति का जोखिम और बढ़ जाता है। भारी तेजी के कारण विदेशी निवेशक भारत से पूंजी निकालकर उन बाजारों में लगा रहे हैं।

## आईपीएल 2026: रियान पराग पर ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग का आरोप क्या BCCI राजस्थान रॉयल्स के कप्तान को देगा सजा?

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग एक नए विवाद में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उन पर ड्रेसिंग रूम के अंदर वेपिंग करने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद फैंस और क्रिकेट जगत में चर्चा तेज हो गई है कि क्या बीसीसीआई इस मामले में कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा। हालांकि अभी तक बोर्ड या फ्रेंचाइज़ी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। आईपीएल 2026 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के 24 वर्षीय कप्तान रियान पराग न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ मैच के दौरान सुर्खियों में आ गए। उन्हें आरआर के ड्रेसिंग रूम में वेप का इस्तेमाल करते हुए दिखाने वाला वीडियो कथित तौर पर वायरल हो गया। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा कहा जा रहा है कि बीसीसीआई रियान पराग और आरआर मैनेजमेंट को सजा दे सकता है। इनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जा सकते ह



यह घटना दूसरी पारी के 16वें ओवर की है, जब एक ब्रॉडकास्ट कैमरे ने कुछ पलों के लिए पराग को ऐसी चीज के साथ कैद किया, जो वेप जैसी नजर आ रही थी। यह फुटेज तेजी से वायरल हो गई, जिससे कई फैंस ने चिंता जताते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पल ने और भी अधिक ध्यान आकर्षित किया, क्योंकि यह ठीक तब हुआ जब पराग आउट हुए थे। उन्होंने 16 गेंदों में 29 रन बनाए थे, लेकिन लक्ष्य का पीछा करते समय एक महत्वपूर्ण क्षण में वे अपनी पारी को आगे बढ़ाने में असफल रहे।फिलहाल आईपीएल की ओर से इस क्लिप या किसी संभावित आचार संहिता उल्लंघन को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, इस घटना के बाद संभावित अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज

## PBKS Vs RR: शुभम दुबे ने राजस्थान के लिए छोड़ा 'इम्पैक्ट फरेरा के साथ की साझेदारी पंजाब को मिली पहली हार

राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल के बाद डोनोवान फरेरा और शुभम दुबे की मदद से पंजाब को इस सत्र में पहली हार का स्वाद चखाया। राजस्थान के लिए इन तीनों बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे टीम छह विकेट से जीत दर्ज करने में सफल रही। यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक के बाद डोनोवान फरेरा तथा इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे शुभम दुबे के बीच शानदार साझेदारी की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। राजस्थान ने इस तरह पंजाब किंग्स का आईपीएल 2026 में अजेय अभियान रोक दिया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 222 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने यशस्वी और फरेरा के अर्धशतकों और शुभम के शानदार योगदान की मदद से 19.2 ओवर में चार विकेट पर 228 रन बनाकर मैच



पंजाब की आठ मैचों में यह पहली हार है। उसने छह मैच जीते हैं, जबकि उसका एक मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा था। इस हार के बाद भी पंजाब 13 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। वहीं, राजस्थान की टीम नौ मैचों में 12 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। दूसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम मौजूद है। राजस्थान के लिए फरेरा ने 26 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन बनाए, जबकि यशस्वी ने 27 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के के सहारे 51 रन की पारी खेली।

## MI vs SRH Playing 11: हैदराबाद के खिलाफ रोहित रहेंगे उपलब्ध? कैसी हो सकती है दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

MI vs SRH Playing 11 Today Prediction: मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा इसका हिस्सा होते हैं या नहीं। रोहित चोट के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच बुधवार को आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाएगा। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा प्लेइंग-11 में शामिल होते हैं या नहीं। रोहित शर्मा 12 अप्रैल से हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) चोट के कारण मैदान से बाहर हैं, हालांकि उन्होंने नेट सत्र में कई बार बल्लबाजी की है। टीम प्रबंधन के अनुसार, उनके खेलने पर फैसला



मैच से पहले टॉस के समय लिया जाएगा। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव का खराब प्रदर्शन है। तिलक वर्मा के गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। वह अभी तक केवल दो विकेट ले पाए हैं।

## MI Vs SRH: हैदराबाद के खिलाफ रोहित के खेलने पर क्यों है संशय? सूर्यकुमार यादव ने किया जमकर अभ्यास

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बुधवार को आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में रोहित शर्मा के खेलने पर संशय है। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मुकाबले की पूर्व संध्या पर मुंबई इंडियंस के दिग्गज बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लय की तलाश में मंगलवार को नेट सत्र में जमकर पसीना बहाया। सूर्यकुमार यादव पहले खराब दौर से गुजर चुके हैं। पिछले साल खराब फॉर्म में रहने के बाद उन्होंने इस साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में तीन अर्धशतक के साथ वापसी की थी और फिर टी20 विश्व कप में भारत की अमेरिका के खिलाफ शुरुआती जीत में भी अहम पारी खेली थी। भारतीय टी20 टीम के इस कप्तान ने तब लय हासिल करने के लिए सोशल मीडिया से दूरी और लगभग तीन सप्ताह का ब्रेक लिया था।



आईपीएल के व्यस्त सत्र के बीच हालांकि ऐसा ब्रेक लेना संभव नहीं है, इसलिए उनके लिए नेट सत्र ही वापसी का रास्ता बनते दिख रहे हैं। मुंबई टीम के जामनगर से दो दिन के दौरे के बाद लौटने पर खिलाड़ियों ने तुरंत अभ्यास किया, जिसमें सूर्यकुमार के साथ पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल थे, हालांकि उनकी उपलब्धता पर अभी भी सवाल कायम है। सूर्यकुमार ने मंगलवार को निर्धारित समय शाम छह बजे से काफी पहले ही नेट में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। उन्होंने लगभग डेढ़ घंटे तक अभ्यास किया।बाद में उनके साथ ईशान किशन भी जुड़ गए।

## IPL की भागदौड़ में भी गुरु को नहीं भूले कोहली: बचपन के कोच के लिए दिल्ली में रुके अकादमी उद्घाटन में पहुंचे

आईपीएल 2026 की व्यस्तता के बीच विराट कोहली ने अपने बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के लिए खास समय निकाला। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने जल्दी रवाना होने के बजाय दिल्ली में रुककर वेस्ट दिल्ली क्रिकेट अकादमी की नई शाखा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को सपनों के प्रति ईमानदार रहने और पूरी मेहनत से लक्ष्य पाने की सलाह दी। आईपीएल की भागदौड़ में भी गुरु को नहीं भूले विराट कोहली, बचपन के कोच के लिए रुक गए दिल्ली में आईपीएल 2026 के व्यस्त कार्यक्रम, लगातार मैचों और यात्रा के बीच विराट कोहली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कुछ रिश्ते समय से बड़े होते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार जीत के एक दिन बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी अगली उड़ान टाल दी और राजधानी में रुककर अपने बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के साथ खास पल साझा किया। सोमवार को कोहली ने दिल्ली पब्लिक स्कूल



आरके पुरम में वेस्ट दिल्ली क्रिकेट अकादमी (WDCA) की नई शाखा का उद्घाटन किया। यह वही अकादमी है, जहां से उनके क्रिकेट करियर की नींव रखी गई थी। आरसीबी का अगला मुकाबला गुरुवार को गुजरात टाइटंस से है, लेकिन इसके बावजूद कोहली ने अपने कार्यक्रम में बदलाव कर कोच राजकुमार शर्मा का सम्मान बढ़ाया। इस समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विराट ने अकादमी के छात्रों को पुरस्कार दिए। कई

बच्चे उन्हें देखकर उत्साहित नजर आए। एक भावुक पल तब आया जब एक छात्र ने कोहली के पैर छूने की कोशिश की, लेकिन विराट ने तुरंत उसे रोककर हाथ मिलाया और प्रोत्साहित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए विराट कोहली ने अपने जीवन के शुरुआती फैसलों को याद किया और युवाओं को सपनों के प्रति ईमानदार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'मैंने अपने जीवन में बहुत जल्दी खेल को चुना था, लेकिन वह फैसला पूरी ईमानदारी से लिया गया था। मुझे पूरा भरोसा था कि मुझे क्रिकेट में आगे बढ़ना है और इसके लिए मुझे खुद से, अपने परिवार से और अपने शिक्षकों से ईमानदारी से कहना था कि यही रास्ता मैं चुनना चाहता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'अपने सपनों के प्रति ईमानदार रहिए, जो करना चाहते हैं उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कीजिए। सिर्फ आप ही जानते हैं कि आप अपने लक्ष्य के प्रति 100 प्रतिशत ईमानदार हैं या नहीं।' विराट ने बताया कि यह अकादमी आज भी उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा, 'मैंने आठ साल की उम्र में यहां अभ्यास शुरू किया था

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

